4. विद्यालय का दूर होनाः ऐसी बस्तियाँ जहां मानक के अनुसार विद्यालय नहीं खुल सकता है वहा ईजीएस और एआईई खोले जायेंगे।

5. अन्य कारणः उपर्युक्त कारणों के अतिरिक्त गरीबी, धार्मिक कारणों एवं रूढ़ी वादिता के कारण कुछ बच्चें स्कूल नहीं जाते हैं। उनके लिए स्कूल चलो अभियान एवं जन जागरण अभियान चलाया जायेगा मुस्लिम बालिकाओं के लिए जनपद में 10 मकतब मदरसों को आर्थिक सहायता दी जायेगी। एससी/एसटी के बालक एवं समस्त बालिकाओं एवं गरीब बच्चों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करायी जायेगी। बच्चों के लिए मध्याहन भोजन दिया जायेगा। ग्राम शिक्षा समितियों के अधिक सहभागिता के लिए उन्हें प्रशिक्षित किया जायेगा बालिकाओं के शतप्रतिशत नामांकन हेतु एम0टी0ए0/पी0टी0ए0 का गठन एवं मीना मंच का गठन किया जायेगा।

है । सामाजिक, आर्थिक, भौगोलिक परिदृश्य जिससे विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र विशिष्ट सामाजिक वर्गों की पहचान हो सके ।

शिक्षा गारंटी योजना (ई०जी०एस०)

इस योजना के अर्न्तअत ६–८ वय वर्ग में पंजीकृत कराया जायेगा । ऐसे ग्राम/बस्ती/मजरे/टोल/मुहल्ले जो विद्यालय से १ कि०मी० की परिधि के बाहर है तथा ६–८ वय वर्ग के ३० बच्चे उपलब्ध हों । वहॉ पर इस प्रकार के केन्द्रों की स्थापना की जायेगी । इन केन्द्रों में कक्षा १ से कक्षा २ तक की पढ़ाई होगी । इन केन्द्रों का संचालन ' सर्व शिक्षा अभियन ' के अन्दर चिन्हित 'स्टेट सोसाइटी ' उ०प्र० सभी के लिये शिक्षा परियोजना परिषद, निशातगंज, लखनऊ द्वारा किया जायेगा । इन केन्द्रों पर एक अनुदेश प्रति केन्द्र प्रस्तावित है ।

वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा कार्यक्रम

ड्रापआउट होने के कारण तथा अधिक आयु हो जाने की वजह से झेंप/मनोवैज्ञानिक दबाव के कारण प्राथमिक शिक्षा से वंछित बच्चे विशेषकर काम–काजी तथा बालश्रमिक एवं नवाचार शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा केन्द्रो की स्थापना की जायेगी , जिन ग्राम/बस्ती /मजरे/मुहल्ले/टोले में १५बालक/बालिका शिक्षा की मुख्य धारा से वंचित होगे वहॉ पर ए०आई०ई ० केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। ये केन्द्र प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक दोनों स्तरों पर चलाये जायेगें । प्राथमिक स्तर के केन्द्र में ०१ अनुदेशक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर ०२ अनुदेशक की व्यवस्था प्रस्तावित है ।

माइक्रोप्लानिंग के आधार पर नियोजन की प्राथमिकता

अनु०जाति , अनु०जनजाति क्षेत्र व ऐसे क्षेत्र जहॉ बालिकाओं के नामांकन का प्रतिशत कम हो व जहॉ ड्रापआउट के कारण विद्यालय न जाने वाले बच्चों की संख्या अधिक हो तथा ऐसे क्षेत्र जहॉ स्ट्रीट चिल्ड्रेन, बाल श्रमिक, धुमन्तू एवं खतरनाक/गैर खतरनाक उद्योगों में सलग्न बच्चों की संख्या अधिक हो ।

शिक्षा गारंटी केन्द्र(ई०जी०एस०), वैकल्पिक एवं नवाचार केन्द्रो का स्वरुप

उपरोक्त असेवित बस्तियॉ एवं शालात्यागी छात्र/छात्राओं के लिये शिक्षा गारटी केन्द्र, वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा केन्द्र चरणबद्व रुप से खोले जाने प्रस्तावित है ।

शिक्षा गारंटी योजना तथा वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा केन्द्रों का संचालन समय विशेष परिस्थतियों को छोड़कर केन्द्रों के संचालन का समय देर शामएवं रात्रि में नहीं रखा जायेगा । ये केन्द्र ०४ घन्टे संचालित किये जायेगें ।

अनुदेशक चयन

अनुदेशक उसी स्थान एवं समुदाय का होगा जहॉ पर शिक्षा गारंटी केन्द्र/वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र स्थापित किया जाना है । उसी ग्राम का सही व्यक्ति न मिलने पर निकटके गॉव का व्यक्ति आवेदन कर सकता है । अनुदेशक की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल होगी व महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी । अनुदेशक की न्यूनतम आयु १८ वर्ष होगी तथा उसका चयन ग्राम शिक्षा समिति द्वारा आवेदन प्राप्त करने के उपरान्त हाईस्कूल परीक्षा के अंकोंके प्रतिशत को ध्यान में रखते हुये वरिष्ठता के आधार पर किया जायेगा । तत्पश्चात् अनुदेशक को आमंन्त्रण पत्र आदेश ग्राम शिक्षा समिति द्वारा निर्गत किया जायेगा । किसी अनुदेशक का कार्य संतोषजनक न होने की स्थिति में ग्राम शिक्षा समिति २/३ बहुमत से प्रस्ताव करके अनुदेशक को हटा सकती है व उनके द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा ।

नगर क्षेत्र में खोले जाने वाले वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रो में अनुदेशक का चयन,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकरी, शिक्षा अधिक्षक, क्षेत्र सभासद,सम्बधित वार्ड, नगर क्षेत्र का वरिष्ठतम प्रधानाध्यानक/शिक्षक की संयुक्त समिति द्वारा किया जायेगा ।

आवश्यकतानुसार मकतब/मदरसा में शिक्षण कार्य करने वाले मौलवी अथवा हाफिज द्वारा अनुदेशक हेतु शैक्षिक अर्हता रखने वाले तथा शिक्षण कार्य करने के इक्छुक होने की स्थिमि में मकतबों/मदरसों में संचालित होने वाले केन्द्रों को प्राथमिकता दी जायेगी अन्यथा सम्बधित मकतब की प्रबन्ध समिति द्वारा अर्हत व्यक्ति जिसकी न्यूनतम आयु १८ वर्ष से कम न हो को मकतबों में सचालित होने वाले केन्द्रों में अनुदेशक के रुप में चयनित कर शिक्षण कार्यहेतु आमन्त्रित किया जायेगा ।

ग्राम शिक्षा समितियों को यह प्रचारित करना होगा कि स्थानीय जनसमुदाय के अनुदेशक की आवश्यकता एवं उसके चयन के सम्बंध में जानकारी हो गई है । ग्राम शिक्षासमिति सम्बधित अनुदेशक हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों का विश्लेषण कर उपयुक्त व्यक्तियों की सूची बनायेगी । चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार को भी यदि आवश्यक हुआ तो शामिल किया जायेगा ।

उच्च प्राथमिक स्तर के केन्द्रो के लिये अनुदेशक की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता स्नातक तथा न्यूनतम आयु २१ वर्ष की होगी । स्नातक अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की दशा में इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण महिला का चयन किया जा सकता है ।

JHS.SSABUDGET/WRITE UP

अनुदेशक के चयन के सम्बंध में अनुदेशक एवं ग्राम शिक्षा समिति के मध्य एक संविदा प्रपत्र भरा जायेगा जो निर्धारित प्रारुप पर एनेक्सर के साथ संलग्न किया जायेगा ।

अनुदेशक का प्रशिक्षण

अनुदेशक का तीस दिवसीय प्रशिषण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अथवा ब्लॉक रिसोर्स सेन्टर पर आयोजित किया जायेगा । प्रत्येक चयनित अनुदेशक का एक माह का प्रशिक्षण जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान द्वारा डायट के प्रवक्ताओं , सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी/एस०डी०आई०/ब्लॉक प्रोग्राम आफीसर/ ब्लॉक रिसोर्स पर्सन तथा योग्य अध्यापक, संदर्भ व्यक्तियों के माध्यम से कराया जायेगा । प्रशिक्षण हेतु जिला स्तरीय समिति द्वारा रु०१५००/— प्रति अनुदेशक की दर से धनराशि जिला शिक्षा और प्रशिक्षण को उपलब्ध करायी जायेगी । प्रशिक्षण अवधि में अनुदेशक को मानदेय के रुप में कोई धनराशि देय नहीं होगी ।

अनुदेशक मानदेय वितरण

वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों के प्रारम्भ होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा अनुदेशक के मानदेय की धनराशि रु०१०००/— प्रति अनुदेशक की दर से सम्बंधित ग्राम शिक्षा समिति के संयुक्त खाते में स्थानांतरित कर दी जायेगी, जिसे अध्यक्ष एवं सचिव ग्राम शिक्षा समिति द्वारा अनुदेशक को चैक के द्वारा माह के प्रथम सप्ताह में अनिवार्य रुप से उपलब्ध करा दिया जायेगा । मानदेय की एक बार में छःमाह की अग्रिम धनराशि ग्राम शिक्षा समिति के खाते में स्थानान्तरित करा दी जायेगी ।

नगर क्षेत्र में संचालित वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रो के अनुदेशको के मानदेय का भुगतान शिक्षा अधीक्षक नगर/प्रोग्राम आफीसर/प्रोग्राम पर्सन एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारीद्वारा संयुक्त रुप से अनुदेशक के संतोषजनक कार्य किये जाने पर किया जायेगा। इस प्रकार की धनराशि कार्यक्रम से सम्बधित अधिकारी को उपलब्ध करायी जायेगी । यहधनराशि नगरक्षेत्र के सम्बधित सभासद/प्रधानाध्यापक के संयुक्त खाते में स्थानांतरित की जायेगी । तत्पश्चात् चैक द्वाराअनुदेशक को भुगतान किया जायेगा ।

पर्यवेक्षण

JHS.SSABUDGET/WRITE UP

शिक्षा गारंटी एवं वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रो के सफल संचालन हेतु अकादमिक सहयोग एवं नियमित पर्यवेक्षण का कार्य सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी/एस०डी०आई/ब्लॉक रिसोर्स पर्सन/ब्लॉक रिसोर्स सेक्टर/न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रों के प्रभारियों द्वारा किया जायेगा । नगर क्षेत्र में यह कार्य शिक्षा अधीक्षक / नगर प्रोग्राम आफीसर / नगर रिसोर्स पर्सन/ सहायक शिक्षा अधीक्षक/ जनपद नगरीय अधिकारियों द्वारा किया जायेगा । न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रप्रभारी/बी०आर०सी० प्रभारी द्वारा अनुदेशक कीवार्षिक बैठकें भी ली जायेगीं । जिसमें ब्लॉक आफीसर/रिसोर्स पर्सन/सहायक बे०शि० अधिकारी/जिलाबेसिक शिक्षा अधिकारी/उप बेसिक शिक्षा अधिकारी भी समय–समय पर इन बैठकों में अनुश्रवण करेंगें । निकटस्थ प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों केप्रधानाध्यापकों एवं अध्यापकों का भी यह कर्तव्य होगा कि वे लगातार इन केन्द्रों का पर्यवेक्षण करते रहेंगे न केवल ग्राम शिक्षा समिति अपितु विकास खण्ड स्तरीय समिति के पदाधिकारियों को भी अपनी आख्याओं से अवगत कराते रहेंगे ।

ग्राम शिक्षा समिति भी नियमित रुप से इन केन्द्रों के संचालन पर नजर रखेगी और समय–समय पर अपने सुझाव अनुदेशक/अनुदेशिका को देगी । डायट में डी०आर०यू० प्रभारी एवं उनके सभी अभिकर्मी भी इन केन्द्रों का नियमित पर्यवेक्षण करेंगें । पर्यवेक्षण का कार्य उपरोक्त सभी अधिकारियों के द्वारा एक रोस्टर प्रणाली के द्वारा किया जायेगा ताकि सार्वभौमिक पर्यवेक्षण सुनिश्चित हो सके ।

नि:शुल्क शिक्षण सामग्री

प्रत्येक शिक्षा केन्द्र को साज–सज्जा एवं शिक्षण सामग्री हेतु आवश्यक धनराशि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा ग्राम शिक्षा समिति के खातेमें सीधे स्थानान्तरित की जायेगी । ग्राम शिक्षा समिति निर्धारित सामग्री बाजार मूल्य पर नियमानुसार क्रय करके सीधे केन्द्र अनुदेशकों को उपलब्ध करायेगी ।

शिक्षा केन्द्रो पर संचालित सभी बच्चों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तके भी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/

ग्राम शिक्षा समिति द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी तथाइस धनराशि कासमायोजन शिक्षण सामग्री मद (रु०८४५/—प्राथमिक तथा रु०१२००/— उच्च प्राथमिक) से किया जायेगा । शिक्षण सामग्री मद का ५प्रतिशत राज्य/जनपदीय प्रबन्धन हेतु क्रय किया जायेगा ।

शिक्षा गारंटी/वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों में राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित औपचारिक शिक्षा की पाठ्य पुस्तकें ही सम्प्रति उपयोग में लाई जायेंगी ।

छात्र—छात्राओं का मूल्यांकन

अनुदेशक द्वारा वैकल्पिक एवं शिक्षा गारंटी केन्द्रो में पढ़ने वाले बच्चों का सतत् एवं नियमित मूल्यांकन किया जायेगा । इसके लिये अनुदेशक द्वारा दैनिकडायरी तैयार कीजायेगी । बच्चों का तिमाही, छमाही तथा वार्षिक मूल्यांकन मौखिक तथा लिखित परीक्षा के आधार पर किया जायेगा तथा यह प्रयास किया जायेगा कि वैकल्पिक शिक्षाकेन्द्रों में पढ़ने वाला प्रत्येक बच्चा शीघ्र औपचारिक विद्यालय की मुख्य धारा की उपयुक्त कक्षा में जिसके लिये वह योग्य हो, किसी भी समय प्रवेश पा जाये । अनुदेशक का यह दायित्व होगा कि उनके केन्द्र पर पढ़ने वाले बच्चे शीघ्र एवं अधिक से अधिक संख्या में शिक्षा की मुख्य धारा की उपयुक्त कक्षा में प्रवेश पाते रहें। इसी परिपेक्ष्य में अनुदेशक का मूल्यांकन भी ग्राम शिक्षा समिति/विकास खण्ड स्तरीय समितितथा जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जायेगा । अनुदेशकों द्वारा बच्चों के अध्यनरत अवधि में उनके व्यावहारिक स्तर में आये सुधार से अभिभावकों एवं ग्राम शिक्षा समिति को लगातार अवगत कराया जायेगा । केन्द्रो में अध्ययनरत बच्चे जोकक्षा ५ हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम पूर्ण कर लेंगे , उनकी वार्षिक परीक्षा बेसिक शिक्षा परिषद् , उ०प्र०द्वारा निर्धारित परीक्षा प्रणाली के तहत निकट के प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा करायी जायेगी ।

प्रबंधन लागत

उक्त केन्द्रों की अधिक्तम लागत में ५ प्रतिशत राज्य एवं जिला/विकास खण्ड स्तर पर प्रशासनिक/प्र बंधन पर होने वाला व्यय भी सम्मिलित है ।

विकास खण्ड स्तर पर प्रबंधन की अधिकतम लागत निम्नवत रखी जायेगी –

80-100 केन्द्रों के मध्य	2.50 लाख रू०प्रति वर्ष
50-80 केन्द्रों के मध्य	2.00 लाख रू०प्रति वर्ष
25-50 केन्द्रों के मध्य	1.5 लाख रू०प्रति वर्ष
25 केन्द्रों से कम	100.00 रू० प्रति छात्र/छात्रा प्रति वर्ष

ब्रिज कोर्स ग्रीष्म कालीन/क्षेत्र आधारित कोर्स

ब्रिज कोर्स/ग्रीष्म कालीन/क्षेत्र आधारित शिविर :–सड़क/प्लेटफार्म, मलिन बस्तियों, दुकानों, घुमन्तू, नौकरी पेशा, कुलीगिरी करने वाले बच्चों तथा ऐसे बच्चें जिनके अभिभावक जेल में है अथवा बाल श्रमिकों/खतरें के उद्योगों में लगे वच्चे जिनका वय वर्ग ९–१४ है ,के ब्रिज कोर्स/ग्रीष्म कालीन/क्षेत्र विशिष्ट आधारित शिविर संचा–लित किये जायेंगे । इन ब्रिज कोर्स/ग्रीष्म कालीन/क्षेत्र विशिष्ट आधारित शिविरों का मुख्य उद्देश्य औपचारिक विद्यालयों से वंचित रहे इन बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया जायेगा ।

प्रत्येक ब्रिज कोर्स/ग्रीष्म कालीन/क्षेत्र विशिष्ट आधारित शिविरों में ९–१४ वर्ष तक के न्यूनतम ५० बच्चे शामिल किये जायेगें तथा ये शिविर आवासीय होंगे । इनमें बच्चों के रहने, खाने–पीने एवं शिक्षण आदि की व्यवस्था नि:शुल्क होगी ।

निर्धारित मानकों के अन्तर्गत ब्रिज कोर्स/शिविरों के लिये एक केयर टेकर , दो पैरा टीचर, एक रसोईया तथा एक चौकीदार की आवश्यकता होगी और इस पर चयन मानक प्रक्रिया के अनुसार किया जायेगा । जिसके लिये जिला स्तरीय समिति के माध्यम से अल्पकालीन अवधि हेतु संविदा के अर्न्तगत व्यवस्था की जायेगी। केयर टेकर/अनुदेशकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था , छात्र–छात्राओं के लिये नि:शुल्क शिक्षण सामग्री आदि के लिये वित्तीय मानक प्राइमरी एवं अपर प्राइमरी की भांति रखी जायेगी । केवल आवासीय व्यवस्था, खाने–पीने की नि:शुल्क व्यवस्था एवं साज–सज्जा आदि के लिये अतिरिक्त धन की व्यवस्था की जायेगी । अतिरिक्त धनराशि की व्यवस्था मे ग्राम पंचायत/ग्राम शिक्षा समिति/जन समुदाय का सहयोग/कुछ अंशदान प्राप्त करने का प्रयास किया जायेगा । ब्रिज कोर्स खोलने हेतु उस क्षेत्र को प्राथमिकता दी जायेगी जहाँ पर नि:शुल्क आवास व्यवस्था उपलब्ध हो सके व यह भी ध्यान में रखा जायेगा कि ब्रिज कोर्स विकास खण्ड/जनपद मुख्यालय में स्थापित हो

ब्रिज कोर्स का वर्षवार विवरण

वर्ष	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07
ब्रिज कोर्स	2	2	3	2	2
बैक टू स्कूल कैम्प	10	40	40	80	80

जिला प्राथमिक शिक्षा सलाहकार समिति का गठन

जिला स्तर पर जिला प्राथमिक शिक्षा सलाहकार समिति का गठन किया जायेगा जो कालान्तर में सर्व शिक्षा अभियान को संचालित करने वाली समिति भी कही जायेगी।जिला प्राथमिक शिक्षा सलाहकार समिति का गठन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया जायेगा जिसमें निम्न सदस्य होंगे –

1	जिलाधिकारी	अध्यक्ष
2	मुख्य विकास अधिकरी	उपाध्यक्ष
3	विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी	सदस्य सचिव
4	डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम आफिसर (ई०जी०एस०)	सदस्य
5	प्राचार्य जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान	सदस्य
6	जिला स्तरीय श्रम विभाग का अधिकारी	सदस्य
7	जिला पंचायत राज अधिकारी	सदस्य
8	वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक)	सदस्य
9	स्वैच्छिक संगठनों के दो प्रतिनिधि	सदस्य

नोंट :–स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधियों का नामांकन जिलाधिकारी द्वारा किया जायेगा ।
जनपद में योजना के अन्तर्गत प्रस्तावों को तैयार करनें एवं कार्यक्रम के संचालन का पूर्ण उत्तरदायित्व उक्त समिति का होगा ।

ग्राम शिक्षा समितियों की भूमिका

प्रस्तावित शिक्षा गारंटी/वैकल्पिक शिक्षा योजना के लिये ग्राम शिक्षा समिति के निम्नलिखित कर्तव्य एवं दायित्व प्रस्तावित है :–

६–१४ वय वर्ग के विद्यालय न जाने वाले बच्चों की माइक्रोप्लानिंग के आधार पर सर्वेक्षण कर उन्हें चिन्हित करना ।

- कार्यक्रमों के संचालन हेतु वातावरण सृजित करना ,
- अनुदेशकों का चयन करना ,
- केन्द्रो की साज–सज्जा हेतु शिक्षण सामग्री का बाजार मूल्यों पर नियमानुसार क्रय कर केन्द्रों का संचालन हेतु अनुदेशकों को उपलब्ध कराना ,

- अनुदेशकों को प्रशिक्षणोपरान्त ही केन्द्र का दायित्व सौपना ,
- अनुदेशकों की उपस्थिति , बच्चों की उपस्थिति एवं केन्द्र का प्रबंधन एवं प्रतिदिन निरीक्षण करना ,
- केन्द्रो में पढ़ने वाले बच्चों को औपचारिक विद्यालयों में प्रवेश कराने के लिये लगातार प्रोत्साहित करना ,
- नियमित रूप से अनुदेशको के मानदेय का भुगतान करना ।

विकास खण्ड स्तरीय समिति की भूमिका :

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये विकासखण्ड स्तर पर समिति की निम्न भूमिका प्रस्तावित है –

ग्राम शिक्षा समिति से प्राप्त प्रस्तावों को संकलित करना , ग्रामीण क्षेत्रों की माइक्रोप्लानिंग कराना, समीक्षा करना तथा प्रस्तावों को तैयार करना, क्लस्टर रिसोर्स पर्सन/न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र समन्वयक की सहायता से केन्द्रों/शिविरों का भ्रमण एवं पर्याप्त पर्यवेक्षण/अनुश्रवण की व्यवस्था करना । जनपद एवं विकास खण्ड स्तरपर उपलब्ध संदर्भ दाताओं की सहायत से प्रशिक्षण केन्द्र आयोजित कराना ।

जिला प्राथमिक शिक्षा सलाहकार समिति के प्रमुख कर्तव्य एवं दायित्व :

जनपद में शिक्षा गारंटी/वैकल्पिक शिक्षा हेतु जिला शिक्षा सलाहकार समिति के निम्नलिखित दायित्व प्रस्तावित है –

शिक्षा गारंटी /वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र एवं नवाचार शिक्षा हेतु सम्पूर्ण जनपद में माइक्रोप्लानिंग का आवश्यकतानुसार अपवंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षित करने हेतु विभिन्नयोजनाओं के प्रस्तावों को ग्राम स्तर/विकास खण्ड स्तर से तैयार करा कर जिला स्तर पर प्रतिमाह समीक्षा करना ।

केन्द्र/ब्रिज कोर्स/ग्रीष्म कालीन /क्षेत्र विशिष्ट सेमिनार/शिविर के प्रस्ताव को स्टेट सोसाइटी को प्रस्तुत करना ।

कार्यक्रमों का कार्यन्वयन कराना ।

अन्य विभागीय अधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ का कनवरजेन्स कार्यक्रमों का संचालन करना । कार्यक्रमों का नियमित अनुश्रवण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम/कार्यशालाओं का आयोजन करना ।

स्टेट सोसाइटी द्वारा उपलब्ध करायी गयी मदवार धनराशियों को विकासखण्ड स्तरीय समितियों के माध्यम से ग्राम शिक्षा समिति अथवा स्वैच्छिक संगठनोंके कार्यक्रमों से संचालनार्थ अग्रिम रूप से उपलब्ध कराना ।

विकलॉग बच्चों के लिये वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र

जनपद झाँसी में न पढ़ने वाले विकलॉग बच्चों की संख्या ४९० है, जिनका विकासखण्डवार चिन्हांकनकर प्राथमिकता के आधार पर ई०जी०एस०एवं ए०आई०ई० केन्द्रोंकी स्थापना की जायेगी ।

विकलॉग बच्चों के लिये वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र पर अधिकतम १४ वर्ष के स्थान पर १८ वर्ष की आयु तक रखने का प्रावधान है । इसमें न्यूनतम छात्र संख्या को १५ सेकम भी किया जाने का प्रस्ताव है। जिस ग्राम/बस्ती/मजरे/टोले/मुहल्ले में विकलॉग बच्चे है उनकी आवश्यकता को ध्यान में रख कर छात्र संख्या एवं उसकी उम्र में छूट दिया जाना प्रस्तावित है। कोई भी विकलॉग छात्र शिक्षा से वंछित न रह जाये इस बात का पूर्ण प्रयास किया जायेगा। चलने में यदि असमर्थ है तो उसके घर पर केन्द्र खोला जायेगा अथवा साइकिल या बैसाखी उपकरणों की आवश्यकता के अनुसार उपलब्ध करना प्रस्तावित है ।

बालिकाओं के लिये वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र :—

जिन ग्रामों/बस्तियों/मजरों/टोलों/मुहल्लों में बालिका साक्षरता दर न्यूनतम है ऐसे ग्रामों में बालिका वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र खोले जायेगें तथा महिला अनुदेशका की व्यवस्था की जायेगी । इसमें सामुदायिक सहभागिता, कला जत्था, महिला मंगल दल, माँ–बेटी मेला, किशोरी संघ, आदि के सहयोग से चेतन जागृति एवं बालिका शिक्षामें रूचि को बढ़ाने का प्रयास किया जायेगा ।

अल्पसंख्यकों के लिये वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र :—

जनपद का अधिकांश ६ से १४ आयु का निरक्षर अल्पसंख्यक समुदाय से सम्बधित है जो केवल मकतब में धार्मिक शिक्षा ग्रहण करता है । इस कार्यक्रममें मकतबों व मदरसों में वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र खोलने का प्रस्ताव फोकसग्रुप डिस्कशन के अन्दर आया तथा माननीय जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में निर्णय लिया गया कि इन मकतबों/मदरसों में उसी धर्म का व्यक्ति यदि हाईस्कूल उत्तीर्ण है तो उसे अनुदेशक के रूप में चिन्हित कियाजाये और वहाँ पर निःशुल्क बेसिक शिक्षा की पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराकर उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जाये ।

क्र०सं०	विकास खण्ड का नाम	ई०जी०एस० केन्द्रो की संख्या
1	बड़ागाँव	08
2	बबीना	06
3	बंगरा	01
4	बामौर	04
5	चिरगाँव	04
6	मोंठ	03
7	गुरसराँय	08
8	मऊरानीपुर	06
योग		40

विकासखण्डवार प्रस्तावित ई०जी०एस० केन्द्रों के स्थलों के नाम

क्र०सं०	विकास खण्ड का नाम	केन्द्रों के नाम
1	बड़ागॉव	हयूम पाइप कालोनी
		बचावली खुर्द (छपरा)
		कबूतरों का डेरा (गोरामछिया)
		बराटा धाट (बराटा)
		शंकरगढ़ (अम्बावाय)
		ढिमरपुरा (पालर)
		खिंरिया (मवई गिर्द)
		कबूतरों का डेरा (पाड़री)
2	मऊरानीपुर	जलालपुरा
		कॅजा
		अटारन
		मढ़ा
		कंजा बाग
		ढिमलौनी
3	गुरसरॉय	करनपुरा (सिर्वो)
		कर्रो
		विराटी
		शंकरगंज (जसवतपुरा)
		गुन्दहा
		रमौरा (मोतीकटरा)
		बहादुरगंज (एवनी)
		पहाड़पुरा
4	बामौर	शहपुरा बुजुर्ग
		अजनारी
		निबूजा
		परगहना
5	चिरगॉव	दिनेरा
		शंकरगढ़ (कुकरगॉव)
		बेरवई का खिरक (परसा)
		गड़रियन का खिरक (वारेई)

6	मोंठ	बुढेरी धाट (बुढ़ेराधाट)
		बुढ़ेरी कला (बुढ़ेराधाट)
		धमधौली
7	बंगरा	छिग्गेवारा खिरक (नगरवारा),रौतयाना मुहल्ला हाटी
8	बबीना	पुराटिया
		प्रेमपुरा
		कटैला
		चोचनयाऊ
		छेवलाखिरक
		सहरियापुरा
		तला
		पथरया

विकासखण्डवार प्रस्तावित ए०आई०ई० केन्द्रों के स्थलों के नाम

क्र०सं०	विकासखण्ड का नाम	केन्द्रों के नाम
1	बबीना	अवधपुर
		डिमरियान
		कुम्हरगढ़ा
		नयाँकुआँ
		ढ़ंगा
		चनौआ
		नैकुआँ
		बढ़इयावारो
2	बड़ागाँव	कोलवा
		मैरी
		कोटी
		आरी
		पोहरा
		पहलगुआँ
		मुस्तरा
		कैलोथरा
		हस्तिनापुर
		दातारनगर
3	बंगरा	रमपुरा
		बधौरा
		बासार
		दादपुरा
		कुरैना का खिरक
		नैकुआँ का खिरक
4	बामौर	दमनौड़
		बैंदा
		खरवाँच
		अड़जरा

		बरगॉव खंगार
		जरवनपारा
5	चिरगॉव	दहगुवॉ
		महेवा
		अतबेई
		ध्वानी
		नीवो
		धवारा
		इटवांखुई
6	गुरसरॉय	खेरी
		जलालपुरा
		गढ़ा
		कोटरा
		सैपुरा
		केदारताई
		इमलौटा
		दहरौली खास
7	मऊरानीपुर	खदरका
		खरकामऊ
		सितौरा
		धायपुरा
		बख्तर
8	मोंठ	काशीपुरा
		सिकंदरा
		सौजना
		सारन
		बहादुरपुर

क्र०सं०	विकास खण्ड का नाम	ए०आई०ई० केन्द्रो की संख्या
1	बड़ागॉव	11
2	बबीना	08
3	बंगरा	06
4	बामौर	07
5	चिरगॉव	07
6	मोंठ	05
7	गुरसरॉय	08
8	मऊरानीपुर	05
योग		57

अध्याय – ८

ठहराव में वृद्धि के कार्यक्रम :–

प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने में अब तक के प्रयासो के आधार पर यह निष्कर्ष निकलता है कि बालक–बालिकाओं का विधालयो में नामाकन तो हो जाता है , परन्तु किन्ही कारणों से ठहराव में वृद्धि न होने के कारण ड्राप–आउट की समस्याआ जाती है सर्वशिक्षा अभियान में ठहराव में वृद्धि करने के लिये कारगर प्रयास किये जा रहे है जिनके मुख्य प्रयास निम्नांकित है।

सारणी

भौतिक सुविधाओं की आवश्यकता

क्रमांक	सुविधा का नाम	प्राथमिक स्तर	उच्च प्राथमिक स्तर
१	२	३	४
१	विधालय पुर्ननिर्माण	-	02
२	अतिरिक्त कक्षा–कक्ष	581	50
३	पेयजल सुविधा	04	34
४	शौचालय	238	75
५	चहार–दिवारी	0	0

जनपद में डी०पी०ई०पी० योजनान्तर्गत ११३ प्रा०वि० पुन:निर्माण कराया जा चुका है । पुन: निर्माण हेतु मात्र २३ प्रा०वि० की मांग की जा रही है । इसी प्रकार प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय को तीन कक्षीय कक्षों की आवश्यकता है । पेयजल की सुविधा ०४ प्रा०वि० एवं ३४ उ०प्रा०वि० में नहीं है । इसी प्रकार २३८ प्रा०वि० एवं ७५ उ०प्रा०वि० में शौचालयों की आवश्यकता है ।

शौचालय विहीन प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय

क्रमांक	विकासखण्ड	प्राथमिक	उच्च प्राथमिक
1	बामौर	30	11
2	चिरगॉव	26	08
3	बड़ागॉव	36	05
4	बंगरा	27	08
5	मोंठ	20	06
6	बबीना	30	13
7	मऊरानीपुर	15	12
8	गुरासरॉय	42	12
9	नगरक्षेत्र मऊ	12	-
योग		238	75

भौतिक सुविधाओं की वर्षवार पूर्ति

वर्ष	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	योग
पुनर्निर्माण प्रा०वि०	-	-	02	-	-	-	02
अतिरिक्त कक्षा कक्ष प्रा०वि०/उ०प्रा०वि०	230	361	200+ 24	200+ 24	181	-	1320
पेयजल सुविधा	-	38	-	-	-	-	38
शौचालय प्रा०वि०/ उ०प्रा०वि०	-	-	138 75	100 -	-	-	238 75
चहारदीवारी	-	-	-	-	-	-	-

निर्मित होने वाले नवीन प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों का विवरण वर्षवार

वर्ष	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	योग
प्राथमिक विद्यालय	-	53	-	-	53
उच्च प्रा०वि	30	30	40	44	144

सारणी

प्राथमिक स्तर अतिरिक्त कक्षो की मांग निम्न आधार पर निकाली गई है–

१– एक कक्षीय ७१ विद्यालयों मे दो अतिरिक्त कक्ष दिया जायेगा

२– दो कक्षीय ५६८ विधालयों में एक अतिरिक्त कक्ष दिया जायेगा ।

डी०पी०ई०पी०–।।। के अन्तर्गत अतिरिक्त कक्षो के लिये वर्ष २००१–२००२ में निर्माण कराने का प्रावधान है अत: कुल १४४ अतिरिक्त कक्षा–कक्षों की आवश्यकता है।

पुनर्निर्माण प्राथमिक विद्यालय :–

जनपद में ५५ प्राथमिक विद्यालय जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है इनके पुनर्निर्माण हेतु २०००–२००१,२००१–२००२ एवं २००२–२००३ में लक्ष्य रखा गया हैं।

विद्यालय सुविधायें:–

प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में भवन के रख–रखाव के प्रतिवर्ष रू० ५०००/– का अनुदान दिया जायेगा। २०००/– विधालय रंगाई–पुताई हेतु दिया जायेगा।

अतिरिक्त कक्षा–कक्ष :–

जनपद झाँसी में प्राथमिक विद्यालयो में कुल १५४४ अतिरिक्त कक्षा–कक्ष एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयो में ७८ अतिरिक्त कक्षा–कक्षो की आवश्यकता है। तदोपरान्त प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय तीन कक्षीय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय चार कक्षीय हो जायेगे। अतिरिक्त कक्षा–कक्ष निर्माण हेतु वर्ष २००३–२००४ एवं २००५ में कक्षो के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है।

वर्ष	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07
प्रा०वि०अति०कक्षा कक्ष	-	-	200	200	181
उच्च प्रा०वि०अति०कक्षा कक्ष	-	-	24	24	-

शौचालय :–

जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालयो में ७५ विद्यालय ऐसे है जिनमें शौचालय उपलब्ध नही है। २००२–२००३ एवं २००३–२००४ में शौचालय बनवाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालयो में कुल २२५ विद्यालय ऐसे है , जिनमें शौचालय उपलब्ध नही है। २००२–२००३ एवं २००३–२००४ में शौचालयों का निर्माण कराने का लक्ष्य रखा गया है।

प्राथमिक विद्यालयो का लक्ष्य सर्वे के आधार पर संशोधित किया गया है जो कि ज्ञान में पूर्व पृष्ठो पर एवं Financial Data sheet मे अंकित किया गया

वर्तमान में

प्राथमिक विद्यालय–जर्जर भवन :–

जनपद में कुल जर्जर प्राथमिक विद्यालय ५५ है। इनके निर्माण हेतु २००३–२००४ एवं २००४–२००५ में पुनर्निर्माण हेतु लक्ष्य रखा गया है। जबकि जनपद में वर्तमान मे कोई भी उच्च प्राथमिक विद्यालय जर्जर नही है।

पेयजल व्यवस्था :–

जनपद में समस्त परिषदीय प्राथमिक विद्यालय/उच्च प्राथमिक विद्यालयो में पेयजल व्यवस्था पूर्ण हो चुकी है और जिन भवनो का निर्माण कार्य हो रहा है उनको डी०पी०ई०पी० के अन्तर्गत निर्माण कार्य के साथ पेयजल व्यवस्था हेतु धन उपलब्ध करा दिया गया है।

विद्यालय की मररम्त एवं रख–रखाव :–

जनपद कें समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयो को रू० ५०००/– प्रति विद्यालय प्रति वर्ष वितरण का लक्ष्य रखा गया है। जनपद में कुल. ३५० प्राथमिक विद्यालय मररम्त योग है। जबकि एक भी उच्च प्राथमिक विद्यालय मरम्मत योग नहीं है। जिसकी मरम्मत हेतु रू० २०,०००/– की दर से वित्तीय व्यवस्था की जायेगी।

विद्यालय विकास अनुदान – डी०पी०ई०पी० के सकारात्मक अनुभवों को देखते हुये सर्व शिक्षा अभियान में भी प्रति विद्यालय रु०२०००/– प्रति दर से विद्यालय विकास अनुदान देने का प्रस्ताव है

बालिका शिक्षा :–

देश की उन्नति एवं विकास हेतु सभी जन समुदाय के लोगो को शिक्षित होना अति आवश्यक है। भारतीय संविधान में ६–१४ वय वर्ग के बच्चो की शिक्षा के प्राविधान के प्रति अपनी बचनवद्वता व्यक्त की है। ६–१४ वय वर्ग के बच्चो के लिये नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने का प्राविधान है।

संविधान में दिये गये मौलिक अधिकार सभी नागरिको को सभी प्रकार के भेद–भाव,धर्म,जाति,लिंग एवं जन्म के स्थान पर आधारित प्रताड़ना से रक्षा करते है। पंचवर्षीय योजनान्तर्गत संविधान में बालिकाओ की शिक्षा हेतु कई आवश्यक कार्यक्रमो को प्रारम्भ किया गया है। १९८६ की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत बालिकाओं कीसमान्यता हेतु शिक्षा के अन्तर्गत कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। महिलाओं की निरक्षरता को समाप्त करने एवं प्राथमिक शिक्षा तक उनकी पहुँच एवं अन्य कठिनाईयो को दूर करने हेतु विशेष सहायक सेवाये,समयबद्व लक्ष्य तथा अनुश्रवण किया जायेगा। उत्तर प्रदेश साक्षरता दर वर्ष १९९१ में ४१.६० प्रतिशत के विपरीत ५१.६० प्रतिशत है। महिलाओं एवं पुरूषो की राष्ट्रीय साक्षरता दर ५७.३९ प्रतिशत है प्रतिशत है जनपद झाँसी में पुरूष साक्षरता दर ५५.७३ प्रतिशत एवं महिला साक्षरता दर २५.३ प्रतिशत है।

बालिकाओं की शिक्षा के अवरोध तत्व :–

बालिकाओं के नामांकन एवं शाला त्याग की जटिल समस्या है इसके मुख्य कारण जैसे: विधालय का पास में न होना,जागरूकता की कमी, महिला शिक्षिका काअभाव,आर्थिक स्थिति का ठीक न होना एवं समाज में फैले अंधविश्वास इत्यादि। विद्यालय में शौचालय तथा अन्य शैक्षिक वातावरण का अभाव रहता है जिससे बालिकाओ को शिक्षा की ओर अग्रसार होने का सही प्रोत्साहन नही मिल पाता। बालिकाओ को खेती, शादी, त्यौहार एवं घर के अन्य कार्यो हेतु घर में ही रोक लिया जाता है जिसकी बजह से बालिकाओ को शिक्षा ग्रहण करने में बाधा बनी रहती है। जिससे विद्यालय में उपस्थिति कम बनी रहती है।

१– बालिकाओं की आवश्यकतानुसार जागरूकता अभियान चलाकर विधालय वातावरण बनाये जाने पर जोर।

२– लिंग संवेदन बनाना जिससे समाज बालिकाओ की शिक्षा प्रदान कराने हेतु अग्रसर हो सके।

३– ऐसी सामग्री का निर्माण करना जो बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करें।

४– अध्यापको को लिंग भेद–भाव आधारित क्रिया–कलाप को रोकने हेतु प्रशिक्षित किये जाने के लिये प्रशिक्षण माड्यूल विकसित करना।

५– बैकल्पिक शिक्षा तथा ई०सी०सी०ई० केन्द्र स्थापित करना ।

६– महिलाओं को शिक्षित करने के लिये महिला समाख्या जैसे कार्यक्रमो के लिये संगठित करना।

७– प्राथमिक शिक्षा से उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यालयो में बालिकाओं को जोड़े रखने की रणनीति से कार्य सम्पादित कराना।

कार्यक्रम :–

बालिकाओं की शिक्षा हेतु प्राथमिक शिक्षा की सामूदायिक स्वामित्व प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के लिये सामाजिक सहभागिता का होना अति आवश्यक है। जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत अनेक कार्यक्रम किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य सामुदायिक सहभागिताओं का बढ़ावा देना है।

ग्राम शिक्षा समिति (बी०ई०सी०) में से तीन महिला सदस्यों के होने का प्रावधान है इनमे से एक ग्राम पंचायत की निर्वाचित सदस्या एवं अनुसूचित जाति की नामांकित महिला तथा एक नामांकित मॉ का होना आवश्यक है।

बालिकाओ की शिक्षा के लिये सामुदायिक सहभागिता निम्नवत् होगी :–

१– बालिकाओं की नामांकन,ठहराव तथा विद्यालय प्रबंधन में स्थानीय समुदाय का सहयोग।

२– महिला समूहो का संगठन एवं महिला समाख्या का समन्वयन।

३– ग्राम शिक्षा समितियों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना।

४– ग्राम शिक्षा समिति,अभिभावक शिक्षक, माता शिक्षक संघ।

५– बालिकाओं की आवश्यकता के प्रति प्रशिक्षण की जागरूकता को बढ़ावा।

मॉ–बेटी मेला एवं महिलाओ की संसद :–

बालिकाओ की शिक्षा के विषय में महिलाओं का संगठित होना अत्यन्त आवश्यक है इस उद्देश्य से मॉ–बेटी मेले का आयोजन किया जाता है। इसके क्रियान्वयन के एक वर्ष के अन्दर लगभग ६५ मॉ –बेटी मेले एवं महिला संसदो का आयोजन किया जाना है।

उद्देश्य :–

१– वर्तमान शिक्षा प्राणाली पर कार्यकताओं का आयोजन करना एवं उपस्थित समूहो से इस प्राणाली को दी गई आवश्यताओ के प्रति उत्तरदायी और प्रभावशाली बनाने हेत वातालाप करना ।

२– बालिकाओ की शिक्षा हेतु माताओ को शिक्षित करके बालिकाओं को शिक्षित बनाने हेतु प्रोत्साहित करना।

३– बालिकाओं के शिक्षा के सम्बन्ध में जागरूकता सामग्री तैयार वितरित कराना।

४– शिक्षको एवं अभिभावको के बीच एक क्रियाशील समन्वय स्थापित करना एवं उनकी समस्या को समझना तथा उन समस्याओ का निराकरण करना।

५– बालक एवं बालिकाओ के प्रति लोगो के विचारो को समझने हेतु जेण्डर आधारित

वार्ताओ का आयोजन करना।

मीना अभियान :—

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के तहत बालिकाओं की शिक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु ''मीना कैम्पेन'' नामक एक विशिष्ट योजना का आरम्भ किया गया हैयूनीसेफ द्वारा विकसित ''मीना'' नामक बालिका पर यह तैयार किया गया है। जनपद में डी०पी०ई०पी० के अन्तर्गत यह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है,इसके अच्छे परिणाम प्राप्त हुये है।

समानता के लिये शिक्षा :

महिला संगठनो के अलावा महिला समाख्या कार्यक्रम विभिन्न आय वर्गो के लिये शिक्षा के अवसर प्रदान करना है। महिला समाख्या के कार्यक्रम में शैक्षिक तथा अन्य हस्तक्षेप समुदायो यथा महिला संघो के साथ रहकर विकसित किये गये है। इन प्रयासो से (६—१४ वय वर्ग के बालिकाआ एवं बालको हेतु) किशोरी केन्द्र महिला शिक्षण केन्द्र खोलना सम्मिलित है। महिला समाख्या का शिक्षा के प्रति कई दृष्टिकोण है जो कि निम्नवत् है :—

१— महिलाओ की शैक्षित प्राथमिकताओं का सम्मान।

२— व्यैक्तिक रूप से सोच—विचार करने के लिये प्रर्याप्त समय।

३— ग्रामीण क्षेत्रो में शैक्षिक कार्यक्रमो में महिला संघो की भागीदारी हेतु प्रोत्साहित करना।

४— बालिकाओ एवं महिलाओ की शिक्षा हेतु अनुकूल वातावरण सजृन करना इत्यादि।

बाल केन्द्र :—

महिला संगठन की महिलाओ ने जब अपने बच्चो की शिक्षा की महत्व को समझा तब उन्होने अपने घर के आस—पास के बच्चो की शिक्षा के लिये शिक्षण व्यववस्था की मॉग की तत्पश्चात बाल केन्द्रो की संकल्पना तथा स्थापना कराई गई। इसके अन्तर्गत ऐसी बालिकाओ को शिक्षा के अवसर प्रदान किये गये जिनकी पहुॅचऔपचारिक शिक्षा सुविधाओ तक नहीं है।

किशोरी केन्द्र :—

बाल केन्द्र बच्चो की शैक्षिक आवश्यकताओ को पूर्ण करने में सक्षम है लेकिन वे ऐसी किशोरियॉ जिन्होंने प्राथमिक शिक्षा के पश्चात् विधालय छोड़ दी है उनके ज्ञान की तृष्ण की तृप्ति नहीं हो पाई है । अत: समुदाय की महिलाओ का संघ एवं किशोरियो से गहन विचार—विमर्श करने पश्चात् इस आयु वर्ग की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुयें किशोरी केन्द्रो की आवश्यकता है। उच्च प्राथमिक शिक्षा कीं ओर प्रोत्साहित करने हेतु समय का लचीलापन तथा स्थानीय महिला शिक्षिका के माध्यम से प्रवेश दिलाने हेतु प्रयास करना ।

किशोरी संघ :–

किशोरी संघ का उद्‌भव किशोरी केन्दों से हुआ है। किशोरी संघ किशोरियों का समूह जिसका गठन पर्यावरण,कानूनी साक्षरता,स्वास्थ्य शिक्षा,व्यवसायिक प्रशिक्षण इत्यादि विषयो को दृष्टिगत रखते हुयें किया गया है।

बैकल्पिक शिक्षा केन्द्र :–

प्राथमिक शिक्षा में बच्चो की भागीदारी को बढ़ाने हेतु ऐसी बालिकाओ को बैकल्पिक शिक्षा केन्द्रो में नामांकित किया जायेगा जो कि किन्ही कारणो से विधालय में नहीं जा पाती है।

स्वेत पाठयक्रम व ग्रीष्मकालीन सत्र चलाये जायेगे। विधालयो में बालिकाओं के शत–प्रतिशत नामांकन तथा उनके ठहराव पर विशेष जोर दिया जायेगा तथा ऐसे सभी प्रयास किये जायेगे जिससे कि उनका ठहराव हो सकें।

बालशाला :–

बालशाला का लक्ष्य छोटे बच्चो एवं उनके ११ वर्षीय भाई–बहनो पर आधारित है। बड़े बच्चो के समूह को प्राथमिक शिक्षा एवं ६–६ वर्ष के बच्चो को स्कूल में प्रोत्साहित पैकेज दिये जायेगे,जिन बालिकाओ को अपने छोटे भाई बहनो की देखभाल का दायित्व रहता है वे इसी कारण से स्कूल से वाहर रहती है। इस बालशाला के अन्तर्गत दोनो आयु वर्ग के बच्चो को एक साथ रखा जाता है।

प्रहर पाठशाला :–

यह पाठशाला मुख्तया: ९ से अधिक वय वर्ग बालिकाओं के लिये है। जो बालिकाये विधाल य जाना प्रारम्भ नही की है अथवा विधालय छोड़ चुकी है ऐसी बालिकाओं के लिये (९ से १४ व य वर्ग) १५ बालिकाओ के साथ एक प्रहर पाठशाला आरम्भ किया जायेगा।

मकतब–मदरसा :–

मुस्लिम बालिकाओ जो अधिक संख्या में विधालय से बाहर है ऐसी बालिकाओ के लिये मकतब/मदरसो के लिये नीति तैयार की गई है। यह सुस्पष्ट है कि सामुदायिक रूप से मुस्लिम बालिकाओं की शिक्षा मुख्य रूप से धार्मिक पुस्तकों पर आधारित है। इसका मुख्य रूप से कारण यही है कि बालिकाये औपचारिक स्कूलो से बाहर थी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्‌देश्य यह है कि मदरसो के वातावरण में बालिकाओ एवं शिक्षको को औपचारिक शिक्षा में लाने हेतु प्रेरित करना तथा साथ ही साथ औपचारिक कार्यक्रम को भी मदरसो/मकतबो में प्रारम्भ करना ।

विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चो की शिक्षा (समेकित शिक्षा) :–

समेकित शिक्षा का आश्रय विकलांग बच्चो को न्यूनतम बाधा रहित वातावरण तैयार कर उन्हें मुख्य धारा में जोड़कर सामान्य बच्चो के साथ शिक्षा प्रदान कराना भारत वर्ष में लगभग १० ,प्रतिशत जनसंख्या किसी न किसी विकलांगता से ग्रसित है। शिक्षा के सार्वजनीकरण के उदेदश्य की पूर्ति तब

तक नही होगी जब तक कि अश्रमता के विभिन्न प्रकारो से ग्रसित बच्चो को विधालय नही लाया जाये

सामान्य बच्चो और अक्षमता ग्रस्त बच्चो के मध्य सभी स्तर पर स्वास्थ्य समाजिक संबंध स्थापित करने का अवसर मिलता है इसके लिये अध्यापको को विकलांग बच्चो के प्रति अत्यधिक संबेदनशील होने की जरूरत है। सर्व शिक्षा अभियान के तहत ऐसे बच्चो को चेलेंज के रूप में स्वीकार किया गया है साथ ही इन्हें ''फिजीकली चेलेन्ज'' संज्ञा प्रदान की गई है।

अक्षमता/चैलेन्ज के प्रकार :—

१— दृष्टिवाधित

२—श्रवणबाधित

३— अस्तिबाधित

४— मानसिक मंदता

५—अधिगत अक्षमता

उक्त ५ प्रकार की अक्षमता वाले बच्चो का चिकित्सीय प्रशिक्षण कराकर चिकित्सको की संस्तुति अनुसार उन्हें सहायक उपकरण/कृतिम अंग,स्वयंसेवी संगठन, विकलांग कल्याण केंद्र इत्यादि के माध्यम से प्रदान कराने हेतु व्यापक कदम उठाया जायेगा।

अक्षमता का कारण :—

अक्षमता/विकलांगता के कई कारण हो सकते है। तथा सभी विकलांग बच्चो के अलग—अलग कारण हो सकते है। मुख्यत: निम्नांकित कारण है :—

१— जन्म के पूर्व : वशानुगत , मॉ का लम्बे समय तक बीमार रहना इत्यादि ।

२— जन्म के समय : बच्चे का जन्म के समय देर से रोना , कम वजन, प्रीमेच्योर बर्थ इत्यादि ।

३— जन्म के बाद : बच्चे का लम्बे समय तक बीमार रहना, बच्चे को संतुलित अहार की कमी होना , किसी दुर्घटना के कारण इत्यादि ।

जनपद में अध्ययनरत विशिष्ट आवश्यकता वाले छात्र/छात्रायें वर्ष २००३—०३ (परिषदीय विद्यालयों में)

विकलांगता का प्रकार	कक्षा १		कक्षा २		कक्षा ३		कक्षा ४		कक्षा ५		कक्षा ६		कक्षा ७		कक्षा ८		योग		
	B	G	B	G	B	G	B	G	B	G	B	G	B	G	B	G	B	G	T
OH	51	30	72	39	75	39	106	57	110	53	74	39	32	11	17	07	541	275	816
MR	11	04	19	10	15	08	18	07	05	03	05	03	05	02	-	-	78	37	115
VI	01	04	23	12	14	07	18	09	07	04	15	12	05	02	02	-	85	50	135
HI	09	02	12	06	19	08	16	15	13	07	13	05	-	-	-	-	82	43	125
LD	-	-	1	-	-	1	-	-	2	1	1	1	-	-	-	-	04	03	07
TOTAL	72	40	127	67	123	63	158	88	137	68	108	60	42	15	19	07	790	408	1198
DROPOUT	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-

जनपद में विकलॉग बच्चों की सर्वेक्षण आख्या (०–१८ वय वर्ग) सत्र २००३–०४

(१) विद्यालय में बच्चों की संख्या

विकलांगता के प्रकार	0-3			3-5			5-14			14-18			TOTAL		
	B	G	T	B	G	T	B	G	T	B	G	T	B	G	T
अस्ति बाधित	-	-	-	-	-	-	442	190	632	27	07	34	469	197	666
मानसिक मन्दता	-	-	-	-	-	-	68	36	104	-	-	-	68	36	104
दृष्टि बाधित	-	-	-	-	-	-	87	48	135	1	-	01	88	48	136
श्रवण बाधित	-	-	-	-	-	-	89	49	138	1	-	01	90	49	139
अधिगत अक्षमतॉ	-	-	-	-	-	-	03	02	05	-	-	-	03	02	05
योग	-	-	-	-	-	-	689	325	1014	29	07	36	718	332	1050

(२) विद्यालय से बाहर बच्चों की संख्या

विकलांगता के प्रकार	0-3		3-5		5-14		14-18		TOTAL			SUB TOTAL		
	B	G	B	G	B	G	B	G	B	G	B	G	B	G
अस्ति बाधित	29	14	59	23	237	141	80	51	405	229	634	874	426	1300
मानसिक मन्दता	-	-	09	05	57	33	22	11	88	49	137	156	85	241
दृष्टि बाधित	05	02	06	03	47	32	19	09	77	46	123	165	94	259
श्रवण बाधित	02	03	15	12	69	53	21	16	107	84	191	197	133	330
अधिगत अक्षमतॉ	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	03	02	05
योग	36	19	89	43	410	259	142	87	677	408	1085	1395	740	2135

अक्षम बच्चों के शिक्षा के सम्बन्ध में कई भ्रान्तियां हैं । कुछ का मानना है कि ये बिलकुल नहीं पढ़ सकते हैं, कुछ का मानना है कि ये पढ़ सकते हैं । जबकि सच यही है कि अक्षम बच्चे पढ़ सकते हैं व रोज मर्रे का कार्य कर सकते हैं बशर्ते इन्हें प्रशिक्षित करनें की आवश्यकता है ।

समेकित शिक्षान्तर्गत किये जाने वाले कार्यक्रम का वर्षवार विवरण

कार्यक्रम का नाम	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07
दिवसीय वातावरण सृजन हेतू गोष्ठी	08	10	10	10
मेडिकल एसेसमेन्ट कैम्प	16	18	18	18
सहायक उपकरण वितरण शिविर	04	08	08	08
मास्टा ट्रेनर का प्रशि० १० दिवसीय	16	-	-	-
फाउडेशन कोर्स ४५ दिवसीय	08	-	-	-
शिक्षक प्रशिषण ५ दिवसीय १२७६ शिक्षकों को	1060 P.S. 216 U.P.S.	-	-	-
पुनर्वोधात्मक प्रशिषण ५ दिवसीय	-	1000 teachersX4 blocks	1276 teachers	-
अभिवावक परामर्श एवं प्रशि०१दिवस	400	400	400	400
खेल कूद	Block level	Block level	Block level	Block level
स्वास्थ्य परीक्षण	All P.S. students	All P.S. students	All P.S. students	All P.S. students

समेकित शिक्षा के लक्ष्य एवं उद्देश्य :–

१– कम एवं मध्यम श्रेणी के अक्षम बच्चों को समान्य बच्चों के साथ न्यूनतम बाधारहित बना कर शिक्षा प्रदान करना ।
२– ६–११ वय वर्ग के अक्षम बच्चों की तरह सामान्य अवसर प्रदान करना ।
३– स्कूल में ऐसा वातावरण बनाना जिससे की इन बच्चों में आत्म सम्मान एवं आत्मविश्वास की भावना का विकास हो ।
४– समुदाय एवं अभिवावकों का सम्वेदीकरण/निर्देशन एवं कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना ।
५– विकास खण्ड एवं जिले स्तर पर रिर्सोस सेन्टर की स्थापना करना ।

समेकित शिक्षा की आवश्यकता :–

१– सब के लिये शिक्षा के लक्ष्य की पूर्ति हेतु ।
२– शिक्षा के स्तर में कमी होने के कारण समेकित शिक्षा की आवश्यकता ।
३– ग्रामीण क्षेत्र में जनसंख्या ज्यादा होने शिक्षित वर्ग कम होने एवं यातायात की कमी के कारण ।
४– अक्षम बच्चों में हीन भावाना को समाप्त होने उन्हें कुछ कर दिखाने की भावना का विकास होना इत्यादि ।

समेकित शिक्षा का प्रारूप :–

१– संसाधन अध्यापक योजना ।
२– भ्रमणशील अध्यापक योजना ।
३– कोओपरेटिव अध्यापक योजना ।
४– संयुक्त योजना ।
५– क्लस्टर माडल योजना ।
६– दोहरी शिक्षा योजना ।

समेकित शिक्षा योजना को सर्व शिक्षा अभियान की योजना में प्रभावकारी बनाया जायेगा । इसमें अक्षम/चैलेंजिग बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति, नियमित अध्यापक के साथ–साथ भ्रमण

शील विशिष्ट योग्यता वाले प्रशिक्षित अध्यापक/एन०पी०आर०सी०समन्वयक के सहयोग से सुनिश्चित की जायेगी । समेकित शिक्षा के अर्न्तगत नवीन शैक्षिक सत्र प्रारम्भ होने के पूर्व मई माह में धर–धर जाकर अध्यापकों द्वारा सर्वे कराया जायेगा । इसके लिये अध्यापकों को प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रति अध्यापक रू५००/– दिये जायेगें । जून माह में अभिवावक प्रेरक शिविर लगाये जायेंगें जिसके द्वारा अक्षम छात्रों को मिलने वाली समस्त सुविधाओं व विभिन्न रोजगारों आदि में लगे अक्षम व्यक्तियों पर बनाई गई वृतचित्र, पोस्टर इत्यादि दिखाये जायेंगें जिससे सामामजि जागरूकता उत्पन्न हो सके तथा इसी शिविर में अक्षम बच्चों को सहायक उपकरण एवं उपस्कर उपलब्ध करायें जायेगें । जुलाई में चैलेंजर बच्चों का नामांकन किया जायेगा , जिन चिन्हाकित बच्चों का नामांकन किसी परिस्थिति वश नहीं हो पाता है , उन बच्चों का नामांकन विशिष्ट अध्यापक, जिला समन्वयक (समेकित शिक्षा) व सामान्य अध्यापक की सहायता के पश्चात ३०सितम्बर तक अनिवार्य रूप से करा लिये जायेगें । प्रत्येक एन०पी०आर०सी०केन्द्र में अक्षम बच्चों के लिये सहायक शिक्षण सामग्री क्रय की जायेगी एवं विशिष्ट अध्यापक एवं सामान्य अध्यापक मिल कर जिला समन्वयक के परामर्श से वितरण वितरित करेंगें । ऐसे बालक एवं बालिकाओं को यूनीफार्म, पाठय पुस्तकें , लेखन सामग्री नि:शुल्क उपलब्ध कराई जायेंगी । इसके लिये विकलॉग कल्याण अधिकारी से समन्वय स्थापित करके विलॉगता छात्रवृति आदि दिलाई जायेगी , इसी के साथ विश्व विकलॉग दिवस (३ दिसम्बर) के अवसर पर एन०पी ०आर०सी०से जिला स्तर तक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन कर पुरस्कृत किया जायेगा ।

जिला स्तर पर अति गंम्भीर विकलॉग बच्चों हेतु (दृष्टिबाधित , श्रवणबाधित ,अस्थिबाधित एवं मानसिक रूप से अविकसित) आवासीय विद्यालय खोला जायेगा इसमें सम्पूर्ण सुविधायें नि:शुल्क प्रदान की जायेगी । समेकित शिक्षा योजना सर्व भौमिक शिक्षा को प्राप्त करनें का एक महत्वपूर्ण साधन है, यदि गम्भीर विकलॉग बच्चों को वंचित रखा गया तो इस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो पायेगी । एक शिक्षण सत्र में कम से कम दो बार जनपद के सभी अक्षम छात्र छात्राओं को अलग अलग समूहों में विभाजित कर उनका तीन दिवसीय शिविर लगाया जायेगा ताकि आपस में एक दूसरे से अपने विचारों का आदान एवं समस्याओं का समाधान कर सकें ।

प्रशिक्षण :–

समेकित शिक्षा अर्न्तगत प्रत्येक विकास खण्ड चार–चार मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण दस दिवसीय प्रदान कराया जायेगा तथा प्रत्येक विकासखण्ड के दो–दो एन०पी०आर०सी०समन्वयकों का ४५ दिवसीय फाउडेशन कोर्स कराया जायेगा । ततपश्चात उक्त मास्टर ट्रेनर्स एवं फाउडेशन कोर्स कर आये प्रशिक्षकों द्वारा सेवारत अध्यापकों कापांच दिवसीय प्रशिक्षण कराया जायेगा ।

विकलॉग बच्चों के प्रति संवेदनशीलता का विकास करेंमें हेतु दो दिवसीय संवेदनशीलता का प्रशिक्षण विकासखण्ड स्तरीय अभिवावक/समुदाय के लोगों को कराया जायेगा ।

स्वयंसेवी सास्थाओं से सहयोग :–

विकलॉगता के क्षेत्र में कार्य कर रही एन०जी०ओ० से सम्पूर्ण सहयोग लिया जायेगा ।

बालिकाओं के ठहराव हेतु रणनीति :–

बुन्देलखण्ड क्षेत्र एक पिछड़ा क्षेत्र होने,आर्थिक सामाजिक विकास न होने व स्कैटर्ड एरिया होने से यहॉ बालिकाओं की शिक्षा की स्थिति बहुत कमजोर है । साथ ही कृषिगत जन बाहुल्य होने व रूढ़वादि समाज के चलते शिक्षा के प्रति लोंगों में जागरूकता का अभाव है । इस लिये बालिकाओं के स्कूल में नामांकन एवं ठहराव हेतु विशेष नीति अपनाई जायेगी जो निम्नानुसार है :–

समुह का निर्माण एवं प्रशिक्षण –

१– माता शिक्षक संध (एम०टी०ए०) :– ऐसे गांव जहॉ प्रा०वि०हैं, उस गॉव की सक्रिय माताओं एवं शिक्षकों के समूह का निर्माण कर उन्हें उनके कार्य एवं दायित्व के प्रति संवेदनशील बनाने के लिये प्रशिक्षित किया जायेगा । ये एम०टी०ए० विशेष रूप से बालिकाओं की उपस्थिति सुनिश्चित कर ने हेतु प्रयास करेगें । वर्तमान में डी०पी०ई०पी० में एम०सी०डी०ए० में कार्य कर भी रहे हैं , जिसके परिणाम संतोषजनक हैं ।

२– अभिवावक शिक्षक संध (पी०टी०ए०) – ऐसे गांव जहॉ प्राथमिक विद्यालय हैं उस गॉव के दस सक्रिय अभिवावक एवं शिक्षक के समूहों का निर्माण कर उन्हें प्रशिक्षित किया जायेगा । ए०पी०टी०ए० विशेष रूप से उपस्थित समस्याओं के निराकरण व विद्यालय से जनता को जोड़ने व स्वामित्व की भावना विकसित करने में कार्य करेंगें ।

३– महिला प्रेरक दल (डब्लू०एम०जी०) – ऐसे गॉव मजरे जो विद्यालय से कम दूरी पर होगे

वहॉ की बालिकाओ को विद्यालय में नियमित उपस्थिति व ठहराव सुनिचित करनेहेतु महिला प्रेरित दल गठित कर प्रशिक्षित किया जायेगा। महिला प्रेरक दल स्थानीय स्तर पर बैकल्पिक शिक्षा केन्द्र विद्या केन्द्र,शिशु शिक्षा केन्द्र तथा विद्यालयों की विभिन्न गतिविधियों का अनुश्रवण कर समुदाय तथा शिक्षा विभाग पर दबाव वनाने के लिये प्रयास करेंगे।

एन०जी०ओ० का प्रशिक्षण :—

स्थानीय स्तर एन०जी०ओ० सहयोग लिया जायेगा। जो रैली जनसम्पर्क कर समाज बालिका शिक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करेंगें।

ठहराव परिक्रमा तथा तारांकन :—

(अ)— छात्रो की विद्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक सप्ताह ग्राम स्तर पर ठहराव परिक्रमा निकाली जायेगी। जिसमें ग्राम के गणमान्य नागरिक अभिभावक छात्र शामिल होगें। परिक्रमा के दोरान जो बच्चे कम उपस्थित रहेते हैं। उनके यहॉ थोड़ी देर ठहरकर विद्यालय आने के लिये दबाव बनाया जायेगा।

(ब)— बच्चो की उपस्थिति के प्रति अभिभावको एवं बच्चो को हरा,पीला,लाल,स्टार निशान प्रतिमाह उनकी उपस्थिति के आधार पर दिया जायेगा। जो निम्नानुसार होगा—

- ✯ माह में १५ दिन या उसकी अधिक उपस्थिति ''हरा निशान''
- ✯ माह में १४ दिन से ०७ दिन तक उपस्थिति ''पीला निशान''
- ✯ माह में ०६ दिन या उससे कम उपस्थिति ''लाल निशान''

बच्चो तथा अभिभावको को मिले निशान से अवगत करा कर बी०वी०सी० बैठक में चर्चा कर बच्चो को इनके सामने प्रदान किया जायेगा। जिससे दबाव बन सके।

अभिभावक सम्मेलन :—

छात्रो की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु सत्र के प्रारम्भ में विधालय मे संचालित योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। तथा मध्य में सम्मेलन कर सर्वाधिक उपस्थिति वाले बच्चो को सम्मिलित किया जायेगा व सत्र के अन्त में समारोह में गॉव में समस्त अभिभावको को कुल ऐसे बच्चों तथा अभिभावको को प्रोत्साहित करे जिनके बच्चे नियमित विधालय आ रहे हैं। इन्हें अगले सत्र के लिये बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कराया जायेगा।

कोहार्ट स्टडी :—

विद्यालय के पिछले पॉच वर्षो की शालत्याग दर देखने के लिये अधिकतम शालात्याग दर वाले विद्यालयो को निकालकर सूचीबद्व किया जायेगा व फिर रजिस्टर से पिछले पॉच वर्षो के शालात्यागी बच्चो की सूचीबद्व किया जायेगा। इन बच्चो को ग्रीष्मकालीन शिविरो के माध्यम से पुन: विद्यालय में लाने का प्रयास किया जायेगा।

ग्रीष्मकालीन शिविर (समरकैम्प) :—

माह मई व जून में कोहाट स्टडी से चयनित बच्चे ऐसे गॉव सभा जहॉ न्यूनतम ४० बालिकॉये शालात्यागी के रूप में चिन्हित कर उसे १० दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर चलाकर उन्हें पुन: विद्यालय में दाखिल कराया जायेगा।

जनपद में वर्ष २०००—२००१ में डी०पी०ई०पी० के २७ केन्द्र चलाकर ९५३ बालिकाओं का प्रवेश कराया गया है।

कला—जत्था अभियान :—

बालिका शिक्षा के प्रति जनता में जागरूकता पैदा करके समाज में व्याप्त रूढियो पर चुटिला प्रहार करने व शिक्षा के प्रति सामूदायिक सहभागिता सुनिश्चित करनेहेतु कला—जत्था अभियान चलाया जायेगा। कला—जत्था विशेष रूप से वहॉ चलेगा जहॉ महिला साक्षरता दर कम है। तथा बालिकाओं के नामांकन की दर कम है व शालात्याग की दर कम है।

प्रशिक्षण :—

बालिका शिक्षा के प्रति समाज अभिभावक व शिक्षको का नजरिया बदलने व उन्हें संवेदनशील बनाने के विशेष रूप से अलग से जेण्डर संवेदीकरण का प्रशिक्षण किया जायेगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओ व बच्चो के बीच में स्कूल छोड़ देने के कारण व उनके निराकरणो तथा उपायो पर चर्चा की जायेगी। डी०पी०ईपी० में यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसके अच्छे परिणाम सामने आये है।

शिशु शिक्षा केन्द्र :—

बालिकाओ का स्कूल बीच में छोड़ देने का प्रमुख कारण अपने छोटे भाई बहनो की देख—रेख में लगा रहना है इससे उनका विधालय में ठहराव में सुनिश्चिता नहीं हो पाती है। इस समस्या को दूर करने के लिये संचालित आइ०सी०डी०एस के माध्यम से संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों को अधिक प्रभावी तथा इन केन्द्रों में ३ से ६वय वर्ग के बच्चों का नामांकन कराने हेतु विशेष प्रयास किया जायेगा । इन्हें खेल सामग्री व साज सज्जा प्रदान की जायेगी । साथ ही इनकों ऑगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायकायों को प्रशिक्षित किया जायेगा । इन्हें अतिरिक्त मानदेय दिया जायेगा । जनपद मे आई०सी०डी०एस० विभाग द्वारा ८ ब्लॉकों व २ नगर क्षेत्र मे आगनबड़ी केन्द्रोका संचालन किया जा रहा है ।

डी०पी०ई०पी० के तहत इस तरह कुल चार विकास खण्डों में संचालित है जहॉ लगभग २००० छात्र लाभान्वित हो रहे है जिसका फीड बैक स्कूल में परिलक्षित हो रहा है ।

पूर्व प्राथमिक शिक्षा में स्वयं सेवी संगठनों की सहभागिता :–

